विद्या -भवन, बालिका विद्यापीठ ,लखीसराय

नीतू कुमारी ,वर्ग -चतुर्थ ,विषय -हिंदी व्याकरण,

दिनांक-07-06-2021 एन.सी.ई.आर..टी पर आधारित

पाठ -5 संज्ञा

सुप्रभात बच्चों,

पिछले कक्षा में संज्ञा किसे कहते हैं और संज्ञा के कितने भेद के बारे में जाने आज आपको उसी पाठ का शेष भाग का अध्ययन करना है जो कि इस प्रकार है-

संज्ञा के दो अतिरिक्त भेद भी माने जाते हैं जैसे–

समुदायवाचक संज्ञा–

द्रव्यवाचक संज्ञा –

समूहवाचक या समुदायवाचक संज्ञा----

जो संज्ञा शब्द किसी समूह अथवा समुदाय आदि का बोध कराते हैं, उन्हें समुदायवाचक संज्ञा कहते हैं जैसे- कक्षा गुच्छा झुंड

द्रव्यवाचक संज्ञा--जिन संज्ञा शब्दों से किसी द्रव्य(पदार्थ) या धातु का बोध हो, उन्हें द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-घी सोना चावल

विशेष-हिंदी व्याकरण में इन्हें अलग न मानकर जातिवाचक संज्ञा के उपभेद के रूप में माना जाता है।

भाववाचक संज्ञाएं बनाना-

जातिवाचक	भाववाचक
बच्चा	बचपन
बूढ़ा	बुढ़ापा
भक्त	भक्ति
युवा	यौवन
लड़का	लड़कपन
चोर	चोरी
बालक	बालकपन
डाकू	डकैती
नेता	नेतृत्व
स्त्री	स्त्रीत्व

विशेषण	भाववाचक
मीठा	मिठास
खट्टा	खटास
सरल	सरलता
उदार	उदारता
गर्म	गर्मी
गहरा	गहराई
कायर	कायरता
वीर	वीरता
स्वस्थ	स्वास्थ्य
हरा	हरियाली

क्रिया	भाववाचक
हँसना	हँसी
पढ़ना	पढ़ाई
लड़ना	लड़ाई
हारना	हार

सर्वनाम	भाववाचक
अपना	अपनापन
स्व	स्वत्व
ममता	ममत्व
पराया	परायापन
निज	निजत्व

गृहकार्य---

दी, गई अध्ययन-सामग्री पूरे मनोयोग से पढ़ें और समझने का प्रयास करें तथा अपनी उत्तर पुस्तिका में उतारे।